विभिन्न कार्यक्रमों के लिये स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान राशि का दिया जाना

493. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कल्याण मंत्रालय से विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अनुदान प्राप्त करने हेतु स्वच्छिक संगठनों के लिए क्या-क्या पात्रता शर्तें अपेक्षित हैं तथा इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए क्या-क्या नियम और मानदण्ड हैं;

(ख) इसका कार्य क्रमानुसार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य स्तर के स्वैच्छिक संगठनों को कल्याण मंत्रालय से सीधे अनुदान प्राप्त हो सकता है क्योंकि अखिल भारतीय स्तर के तथा राज्य स्तर के स्वच्छिक संगठन एक ही अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज हुए हैं; और

(घ) इस संबंध में ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या-क्या कारण हैं ?

कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती सुमति ओरांव) : (क) और और (ख) कल्याण मंत्रालय अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, देखभाल व सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों, वृद्धों तथा विकलांगों के कल्याण तथा मद्यनिषेध एवं औषध दुरुपयोग पर नियंत्रण करने के लिए भी कार्यक्रम शुरू करने हेतु स्वयंसेवी संगठनों को सहायक अनुदान देता है । भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों के लिए भिन्न-भिन्न नियम तथा मानदंड निर्धारित किए गए हैं । फिर भी, कुछ मुख्य शर्तें जो एक स्वयंसेवी संगठन को अन्य बातों के साथ-साथ पूरी करनी चाहिएं :—

(1) संगठन समिति पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए ।

(2) संगठन सामान्यतः अखिल भारतीय स्वरुप का होना चाहिए ।

(3) संगठन दो वर्षों से अधिक समय से कार्य कर रहा हो ।

(4) संगठन को संबंधित क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए ।

(5) संगठन की सेवाएं बिना किसी जाति, वर्ण अथवा धर्म के भेदभाव के सभी को उपलब्ध होनी चाहिए ।

(6) संगठन को परियोजना की कुल लागत से कुछ भाग को पूरा करने के लिए स्वयं संसाधन एकत्र करने के लिए तैयार रहना चाहिए ।

कार्यक्रमों के उचित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवी संगठनों को सहायक-अनुदान के संबंध में लेखों के लेखापरीक्षित विवरण तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र भेजने के लिए जोर दिया जाता है । स्वयंसेवी संगठनों के लेखे तथा साथ ही कार्यकरण की भी कल्याण मंत्रालय तथा राज्य सरकारों/केन्द्रों शासित प्रदेश प्रशासनों के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जांच की जाती है ।

(ग) और (घ) निर्धारित नियमों व शर्तों के अनुसार, कल्याण मंत्रालय से केवल अखिल भारतीय स्वरुप के स्वयंसेवी संगठन ही अनुदान पाने के पात्र हैं अर्थात् जिन संगठनों के कार्यकलाप एक से अधिक राज्य में फैले हुए हों ।

Lowering of Heavy Import and Excise Duties

494. SHRI PARVATHANENI UPENDRA:

DR. YELAMANCHILI SIVAJI:

Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether foundry industry has approached Government for lowering the heavy imports and excise duties and to make available raw materials like pig iron, aluminium and other alloys at reasonable rates;